राष्ट्रीय आवास बैंक
NATIONAL HOUSING BANK

प्रधान कार्यालय/पुनर्वित्त परिचालन विभाग/डाक/2025/04271

रा.आ. बैंक (एनडी)/ पुनर्वित्त परिचालन विभाग/पुनर्वित्त परिपत्र सं. 8/2024-25
दिनांक: 7 जनवरी, 2025

सभी प्राथमिक ऋणदाता संस्थान

महोदय/महोदया,

उदारीकृत पुनर्वित्त योजना के अंतर्गत रियायतों में संशोधन/वृद्धि

राष्ट्रीय आवास बैंक प्राथमिक ऋणदाता संस्थानों को उदारीकृत पुनर्वित्त योजना (एलआरएस) के अंतर्गत विभिन्न लक्षित वर्गों को ऋण की उपलब्धता को प्रोत्साहित करने हेतु रियायतें प्रदान करता है।

2. प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र को ऋण उपलब्धता और महिला लाभार्थियों को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से, राष्ट्रीय आवास बैंक ने एलआरएस के अंतर्गत निम्नलिखित श्रेणियों में नई रियायतें/वृद्धि की घोषणा की है:

(i) एलआरएस के अंतर्गत ऐसे व्यक्तिगत आवास ऋणों के पुनर्वित्त हेतु, जो भारतीय रिज़र्व बैंक के प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र ऋण – लक्ष्य एवं वर्गीकरण पर मास्टर निर्देश के अनुच्छेद 12.1 (i) के अंतर्गत परिभाषित मानदंडों का पूर्णतः पालन करते हैं, अब 25 आधार अंकों (बीपीएस) की रियायत प्रदान की जाएगी।

(ii) महिला उधारकर्ताओं को दिए गए व्यक्तिगत आवास ऋणों के पुनर्वित्त हेतु, पहले से लागू 10 आधार अंकों (बीपीएस) की रियायत को बढ़ाकर 25 आधार अंकों (बीपीएस) किया गया है, जिससे इस वर्ग के तहत ऋण उपलब्धता को और अधिक प्रोत्साहित किया जा सके।

नोट: विभिन्न रियायतों को एक साथ जोड़ने (क्लबिंग) की अनुमति नहीं होगी।

3. इसके अतिरिक्त, यह पुनः स्पष्ट किया जाता है कि एनएचबी (एनडी)/आरओडी/पुनर्वित्त परिपत्र सं. 07/2024-25 दिनांक 2 जनवरी, 2025 में उल्लिखित *एलआरएस – स्थिर दर पुनर्वित्त* के अंतर्गत स्वीकृत पुनर्वित्त किसी भी रियायती दर के लिए पात्र नहीं होगा।

4. एलआरएस के अंतर्गत अन्य सभी मौजूदा रियायती दरें एवं शर्तें यथावत रहेंगी और उपर्युक्त संशोधन सभी आगामी संवितरणों के लिए लागू होंगे।

भवदीय,
ह0
(योगेश पंचाल)
उप महाप्रबंधक
राष्ट्रीय आवास बैंक

भारत सरकार के अंतर्गत सांविधिक निकाय
कोर 5-ए, तीसरे से पांचवां तल, इंडिया हैबिटेट सेंटर, लोधी रोड, नई दिल्ली -110003
दूरभाष : 011-3918 7000 फैक्स : 011-2464 9030
वेबसाइट: www.nhb.org.in ई. मेल : ho@nhb.org.in

Statutory Body under the Government of India
Core 5-A, 3rd to 5th Floor, India Habitat Centre, Lodhi Road, New Delhi-110003
Phone: 011-3918 7000 Fax: 011-2464 9030
Website: www.nhb.org.in E-mail: ho@nhb.org.in

"बैंक हिंदी में पत्राचार का स्वागत करता है"